# एकतरफा प्रेम में दो मासूमों की हत्या

## मां से लगाव बना दो बच्चों की मौत की वजह

**सिवनी, 17 जुलाई. मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. एक युवक ने महिला से एकतरफा प्रेम के चलते उसके दो मासूम बेटों की बेरहमी से हत्या कर दी. पुलिस ने हत्या के इस सनसनीखेज मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.**

नगर निरीक्षक किशोर बावनकर के अनुसार, 16 जुलाई को पूजा ढाकरिया नामक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे दिव्यांश (6) और मयंक (9) बीते दिन से लापता हैं. तलाश करने पर दोनों बच्चों के शव





कटंगी रोड स्थित अंबामाई मंदिर के जंगल में मिले.

पुलिस जांच में सामने आया कि बच्चों को मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने साइकिल दिलाने के बहाने जंगल में ले जाकर धारदार हथियार से हत्या कर दी. आरोपी की पहचान भोजराम बेलबंशी के रूप में हुई है, जो महिला की बहन करिश्मा का पति है. पूछताछ में भोजराम ने बताया कि वह पूजा से एकतरफा लगाव रखता था और बच्चों को अपने मंसूबों की राह में रुकावट मानता था.

> हत्या में सहयोग करने वाले शुभम जावरे को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. दोनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. यह घटना पूरे इलाके में सनसनी का विषय बनी हुई है. मासूम बच्चों की निर्मम हत्या ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है.

# उमा ने अपनी पार्टी पर साधा निशाना

## 'राहुल को टिकट देना मजबूरी थी, एहसान नहीं'

**भोपाल, 17 जुलाई. मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की फायरब्रांड नेता उमा भारती ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी को कठघरे में खड़ा किया है. उन्होंने कहा कि उनके भतीजे राहुल लोधी को पार्टी ने टिकट किसी एहसानवश नहीं, बल्कि मजबूरी में दिया.**



उमा ने यह बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर भावुक पोस्टों की श्रृंखला के ज़रिए दिया. उमा भारती ने लिखा, मेरे परिवार ने मेरी राजनीति की वजह से बहुत कष्ट उठाए हैं. चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या भाजपा की — मेरे भाइयों पर लूट, डकैती जैसे झूठे आरोप लगे. लेकिन वे हर बार कोर्ट से निर्दोष साबित हुए. मेरे एक भाई के बेटे राहुल को टिकट देना पार्टी की मजबूरी थी, कोई उपकार नहीं. उन्होंने यह भी कहा कि मेरे परिवार के सदस्य संघ से बाल स्वयंसेवक रहे हैं, जब मैं राजनीति में नहीं थी. यदि भाजपा मुझे चुनाव न लड़ाती, तो मेरे भाई या भतीजे वर्षों पहले सांसद या विधायक बन चुके होते.

> उमा भारती ने बुंदेलखंड की सामंती राजनीति पर भी तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा, राहुल लोधी ने अपनी पत्नी उमिता सिंह को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाकर बुंदेलखंड के सामंती आतंक को चुनौती दी. अब दोनों स्वाभिमान से राजनीति कर रहे हैं. उमा ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर परिवार की अनदेखी का आरोप लगाते हुए, पार्टी के भीतर की राजनीति को भी खुलकर सामने ला दिया है. उनके बयान ने मध्य प्रदेश की भाजपा राजनीति में हलचल मचा दी है.

## एक नजर में

### वारदात करने के बाद दतिया में लायसेंस निलंबित

**दतिया.** ग्वालियर में वारदात करने के बाद दतिया में शस्त्र लायसेंस निलंबित कर दिया गया. बंटी उर्फ महिपाल सिंह रावत का शस्त्र लायसेंस निलंबित किया गया है. ग्वालियर एसपी के प्रतिवेदन पर शस्त्र लायसेंस निलंबित किया गया है. गोरा ग्राम के निवासी बंटी उर्फ महिपाल सिंह को सबंधित थाने में शस्त्र लायसेंस जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. दतिया कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखेड़े ने शस्त्र लायसेंस निलंबित किया है. आरोपी के खिलाफ जांच भी शुरू हो गई.

### शिवपुरी की हवाईपट्टी पर टाइगर की तलाश

**शिवपुरी.** यहां हवाई पट्टी के निकट नेशनल पार्क की वन विभाग की टीम लोकेशन आईडी के जरिए टाइगर को तलाशती नजर आयी. खास बात यह है कि इस दौरान वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने जब वन विभाग की यह कार्रवाई देखी तो उन्होंने रुकने का प्रयास किया, लेकिन वर्दी पहने हुए लोगों ने वहां न रुकने का संकेत देते हुए आगे बढ़ने को कहा. फिलहाल नेशनल पार्क में 7 टाइगर हैं और वन विभाग के अमले की टीम हवाई पट्टी के निकट जब टाइगर को खोजती नजर आयी तो इससे एहसास हुआ कि टाइगर कहीं भी आ जा सकता है. जिस हाइवे पर झांसी और चंदेरी सहित पिछोर, खनियांधाना का रास्ता मुख्य

### अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत

**दमोह.** जिले में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार नोहटा थाना की बनवार चौकी के समीप घटेरा स्टेशन के सामने मालगाड़ी की टक्कर लगने से चतुर्भुज पिता नारायण शर्मा उम्र 62 वर्ष निवासी घटेरा की मौत हो जाने पर मौके पर जीआरपी चौकी से एएसआई महेश कुमार कोरी, प्रधान आरक्षक भानु प्रताप ने पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की. वहीं सर्वप्रथम से प्रेमलाल पिता राम सिंह उम्र 17 वर्ष निवासी सिमरिया थाना तेजगढ़ की मौत हो जाने पर प्रधान आरक्षक अजय पटेल और आरक्षक राजन राजपूत ने

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में ग्वालियर को राष्ट्रीय स्तर पर 14वां स्थान

**ग्वालियर.** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में आज ग्वालियर को राष्ट्रीय स्तर पर 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में 14वां स्थान प्राप्त हुआ है. गत वर्ष 16 स्थान प्राप्त हुआ था. वहीं मध्य प्रदेश राज्य में ग्वालियर को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है. इसके साथ जीएफसी 3 स्टार रेटिंग एवं ओडीएफ स्टेट्स अंतर्गत वाटर प्लस प्राप्त हुआ. ग्वालियर शहर को मिनिस्ट्रियल अवार्ड (स्टेट लेवल) पर नामांकित किया गया है. इस श्रेणी में ग्वालियर पूरे मध्य प्रदेश में इकलौता शहर है. मध्य प्रदेश से कुल 8 शहरों को अवार्ड हेतु नामांकित किया गया है. जिसमें श्रेणी निम्न अनुसार रहेगा. —

# ग्वालियर सेंट्रल जेल में कैदी की मौत से मचा हड़कंप

**ग्वालियर, 17 जुलाई. ग्वालियर सेंट्रल जेल में देर रात कैदी बृजेंद्र अर्गल ( भिंड मामले ) की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया. उसे तुरंत नजदीकी जयारोग्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.**

बृजेंद्र अर्गल फरवरी 2022 में सीहोर में हत्या के एक मामले में 3 साल की सजा भुगत रहा था. हाल ही में होशंगाबाद जेल से ग्वालियर सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया गया था. जेल प्रशासन ने उसकी मौत की सूचना तुरंत भिंड स्थित परिवार को दे दी है. घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि रात में ही उसकी तबीयत गंभीर हो गई थी और तुरंत चिकित्सा ले जाई गई, लेकिन चिकित्सकों के अनुसार पहुंचने पर ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी. अभी तक मौत के कारण की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इससे जुड़े तथ्यों का विवरण दिया जाएगा. जेल प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने इस मामले में आवश्यक जांच शुरू कर दी है. मृतक के परिवार को विधिक सहायत प्रदान की जा रही है, वहीं जेल में आशंका के मद्देनजर सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है.

# लापरवाही बनी जानलेवा, हादसे में मजदूर घायल

- ठेकेदार की मनमानी और प्रशासन की अनदेखी से बड़ा हादसा

**शहडोल, 17 जुलाई. नगर पालिका की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी ने एक बार फिर मजदूरों की जान को जोखिम में डाल दिया. सोहागपुर थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में सीवर लाइन बिछाने के कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया. खुदाई के लिए बने गड्ढे में अचानक मिट्टी धंसक गई, जिससे दो मजदूर मलबे के नीचे दब गए.**





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा था, तभी अचानक मिट्टी खिसक गई और दोनों मजदूर देखते ही देखते उसमें दब गए. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन गड्ढे की गहराई और मिट्टी की भारी मात्रा के कारण वे मजदूरों तक नहीं पहुंच सके. बारिश में भी जारी था काम, जिससे गीली और कमजोर मिट्टी ने हादसे को और गंभीर बना दिया. पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया, जिससे यह सवाल उठता है कि मजदूरों की सुरक्षा को क्यों नजरअंदाज किया गया.

> स्थानीय लोगों ने ठेकेदार और नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. सीवर लाइन परियोजना में लगातार देरी, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही ने पहले भी कई बार छोटे हादसों को जन्म दिया है, लेकिन इस बार यह लापरवाही जानलेवा बन गई. हादसे की सूचना मिलते ही सोहागपुर और कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई है. राहत एवं बचाव कार्य जारी है, जेसीबी मशीनों की मदद से मजदूरों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है.

# नाबालिग ने लगाई फांसी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 17 जुलाई. जिले में महिलाओं के काउंसिलिंग के लिए बनाए गए महिला बाल विकास के वन स्टाफ सेंटर में 4 दिन पूर्व आई 14 वर्षीय नाबालिक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली.**

सूचना पर महिला बाल विकास अधिकारी मौके से पहुंच शव को पुलिस की मौजूदगी में फांसी के फंदे से उतार कर जिला अस्पताल के मर्चुरी में रखा दिया है. वहीं मृतिका की एक बहन चार दिन पहले ही वन स्टाफ सेंटर से भाग गई थी.

जिला अस्पताल सह ट्रामा सेंटर के बगल में संचालित वन स्टाफ सेंटर में काउंसलिंग के लिए बरगवां थाना पुलिस क्षेत्र से चार दिन पूर्व एक 14 वर्षीय लड़की ममता सिंह को यहां लाए थे, जिसने फांसी लगा ली.

> वन स्टाफ सेंटर मौजूद स्टाफ के द्वारा हमें जानकारी दी की चार दिन पहले बरगवां थाना पुलिस ने काउंसलिंग के लिए जिस लड़की को लाकर छोडा था वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. फांसी लगाने का कारण अज्ञात है मामले की जांच की जाएगी. लड़की की पहचान के लिए हर थाना चौकी पुलिस को पता लगाए जाने के लिए पत्र लिखा जाएगा घटना के संबंध में जांच होने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा.
>
> **जितेंद्र गुप्ता,** डीपीओ सिंगरौली

# शराब मुक्त गांवों का दावा फेल

## तस्करी पर ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

- खुलेआम खप रही शराब मूकदर्शक बना प्रशासन

**मंडला, 17 जुलाई. मध्य प्रदेश सरकार भले ही धार्मिक और जनजातीय क्षेत्रों में शराबबंदी का दावा करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है. मंडला जिले के हिरदय नगर में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अब खुद ग्रामीणों को मोर्चा संभालना पड़ रहा है. शराब माफिया बेखौफ होकर कारोबार चला रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है.**

हिरदय नगर में ग्रामीणों ने शनिवार को एक संदिग्ध कार को रोका, जिसमें भारी मात्रा में शराब भरी हुई थी. ड्राइवर कार भगाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने घेराबंदी कर कार को पकड़ लिया. तलाशी में शराब की पेटियां बरामद हुईं, जिनकी बाजार कीमत 4 लाख रुपये से ज्यादा बताई जा रही है.

मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है. ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. अब लोगों ने खुद कमान संभाल ली है. इस घटना ने सरकार की शराबबंदी नीति और प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है. अगर ग्रामीण खुद ही तस्करों को पकड़ रहे हैं, तो फिर सरकार की निगरानी और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी कहां है?

> ग्रामीणों की मांग है कि मंडला जैसे जनजातीय जिलों में सख्त शराबबंदी लागू की जाए और अवैध व्यापार में लिप्त माफियाओं पर कठोर कार्रवाई हो. अब देखना यह है कि क्या सरकार सिर्फ बयान देगी या जमीनी स्तर पर ठोस कदम भी उठाएगी.



# दो जिलों में बारिश से स्कूल बंद

**रीवा, 17 जुलाई.** भारी बारिश के कारण रीवा और मऊगंज जिले में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है. रीवा जिला प्रशासन अतिक्रमण करने वालों पर अंकुश न लगा पाने की बदौलत आज फिर ट्रांसपोर्ट नगर से सटे शिवकंठ नगर समेत दर्जन भर कालोनियों में लोगों के घरों में पानी भर गया. रात ढाई बजे से यहां रहने वाले लोग बेबस होकर अपने घरों में पानी भरता देखते रहे. एक हफ्ते पहले भी इन इलाकों में ऐसे ही लोगों के घरों में पानी भरा था. आज इस इलाके में प्रशासन के अफसर आए और बगैर कुछ किए चले गए. घरों में पानी भरने के कारण लोगों को खाने पीने का सामान खराब होने का कष्ट भी झेलना पड़ रहा है.

# तस्कर 4 पिस्टल के साथ गिरफ्तार

## बड़वानी से लाकर ग्वालियर में सप्लाई करने की थी योजना

**इंदौर, 17 जुलाई. अवैध हथियारों की तस्करी पर लगाम कसने में इंदौर क्राइम ब्रांच को एक और बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्वालियर निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद की हैं.**



गिरफ्तार आरोपी की पहचान 25 वर्षीय राहुल जोशी, निवासी हजीरा, ग्वालियर के रूप में हुई है. आरोपी रीजनल पार्क स्थित मरी माता मंदिर क्षेत्र से पकड़ाया. राहुल बड़वानी से अवैध हथियार लाकर ग्वालियर में बेचने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे धरदबोचा. इस कार्रवाई में आरोपी के खिलाफ क्राईम ब्रांच थाने में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. मामले में डीसीपी क्राईम का कहना है कि पूछताछ में आरोपी से हथियार तस्करी के नेटवर्क को लेकर और जानकारियां जुटाई जा रही हैं. साथ ही यह भी खंगाला जा रहा है कि इससे पहले किन-किन शहरों में उसने हथियारों की डिलीवरी दी है.

> वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर शहर में अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है.

# गोदाम का पिछला दरवाजा तोड़ महंगी शराब ले उड़े चोर

- 5.59 लाख रुपए कीमत की विदेशी शराब उड़ाई
- दुकानदार नाराज़, पुलिस अभी भी खाली हाथ

**इंदौर, 17 जुलाई. रंगवासा इलाके में शराब के गोदाम में सेंध लगाकर चोरों ने लाखों रुपये की विदेशी शराब पर हाथ साफ कर दिया. चोरी की यह वारदात शराब कारोबारी अशोक रॉय की दुकान से जुड़े गोदाम में हुई, जहां बदमाश पिछले दरवाजे का नकूचा तोड़कर भीतर घुसे और महंगे ब्रांड्स की बोतलें समेट ले गए.**




देर रात चोरी की है, लेकिन वारदात की सूचना मिलने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है. इस पर दुकानदार ने नाराज़गी जताई है. उधर, पुलिस का कहना है कि अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. सूत्रों के अनुसार चोर जिन ब्रांड्स की शराब चोरी कर ले गए, उनकी कीमत निम्नानुसार है. पाइपर:11 बोतलें, प्रति बोतल 2,200 ,24,200, प्राइड: 48 बोतलें, प्रति बोतल 450,21,600, एमएमओ 24 बोतलें, प्रति बोतल 800,19,200, बकार्डी 15 बोतलें 1,330 प्रति बोतल और 120 बोतलें 650 प्रति बोतल 97,950, लंदन ब्रांड :72 बोतलें 300 प्रति बोतल और 2,500 बोतलें 150 प्रति बोतल कुल 3,96,600, इस तरह कुल मिलाकर 5,59,550 रुपए कीमत की शराब चोरी हुई है.

> पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन चोरों के बारे में कोई सुराग अब तक नहीं मिल सका है. यह आशंका भी जताई जा रही है कि चोरी की वारदात में कोई जानकार व्यक्ति शामिल हो सकता है, जिसे गोदाम की स्थिति और शराब के ब्रांड्स की जानकारी थी.

**वायरल गर्ल** — महाकुंभ से वायरल हुई मोनालिसा पहुंचीं ग्वालियर, बोली-

# ग्वालियर-चंबल में हर बच्चे को मिले शिक्षा

**ग्वालियर, 17 जुलाई. प्रयागराज महाकुंभ में वायरल गर्ल के नाम से मशहूर हुई इंदौर की मोनालिसा ग्वालियर चंबल की धरती पर पहुंची जहां उनका पुष्पों की वर्षा कर स्वागत किया गया. मोनालिसा ने कहां कि कोई भी गरीब बच्चा बिना शिक्षा के नहीं रहे. स्कूल बनवाकर बच्चों को दी जाएगी शिक्षा. महाकाल ने हमें एक बहुत बड़ा गिफ्ट दिया है हम उनके आभारी हैं.**



उन्होंने कहा कि ग्वालियर चंबल के लोग बहुत अच्छे हैं यहां सम्मान मिला है. पसंदीदा हीरो हीरोइन को लेकर बोली कि टाइगर श्रॉफ और सोनाक्षी सिन्हा मनपसंद कलाकार हैं. महाकुंभ के बाद लोगों का रवैया बदला है. माल बेचने का काम हमारा पूरा परिवार करता है. मौका मिलेगा तो वह काम जारी रहेगा. हम इस समय द डायरी मणिपुर पिक्चर में काम कर रहे हैं. कई पिक्चरों से ऑफर आ रहे हैं.

> इस दौरान उनके माता-पिता भी मौजूद थे जो अपनी बेटी का सम्मान देखकर पहले नहीं समा रहे थे. उनका कहना है कि बेटी की बदौलत हमें यह मौका मिला है कि हमें बड़े लोगों से मिलने का मौका मिल रहा है. इसी तरह से लोगों का प्यार आशीर्वाद के रूप में मिलता रहे और हमारी बेटी आगे बढ़ती रहे. हमें बहुत खुशी है.

# एमडी ड्रग्स के साथ एक गिरफ्तार, दोपहिया और मोबाइल किया जब्त

**इंदौर.** शहर में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खजराना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है.



पुलिस ने एक संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा, जिसके कब्जे से 12.5 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स, एक दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन समेत 2 लाख 10 हजार रुपए से अधिक का मादक माल बरामद किया है. आरोपी से पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं और उसके नेटवर्क का सुराग भी पुलिस को मिल रहा है. मामले में पुलिस जल्द ही बड़ा खुलासा कर सकती है.

# हाई कोर्ट से 45 बर्खास्त परिवहन आरक्षकों को मिली बड़ी राहत

## बहाली के आदेश

**ग्वालियर, 17 जुलाई. मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने परिवहन विभाग के 45 बर्खास्त आरक्षकों को बड़ी राहत देते हुए बहाल करने के आदेश दिए हैं. यह मामला वर्ष 2012-13 की परिवहन आरक्षक भर्ती से जुड़ा है, जिसमें गलती से महिलाओं के लिए आरक्षित पदों पर 45 पुरुष उम्मीदवारों की नियुक्ति कर दी गई थी.**

इस भर्ती के खिलाफ हिमाद्री राजे ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसके बाद वर्ष 2014 में कोर्ट ने सभी 45 आरक्षकों को सेवा से हटाने के आदेश दिए थे. इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, लेकिन वहां से राहत नहीं मिली. आखिरकार 25 सितंबर 2024 को परिवहन आयुक्त ने सभी 45 आरक्षकों को बर्खास्त कर दिया.

बर्खास्तगी के आदेश के खिलाफ आरक्षकों ने हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में याचिका दायर की थी. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने न केवल बर्खास्तगी को रद्द किया, बल्कि पूर्व में भर्ती जांच के दिए गए निर्देश को भी निरस्त कर दिया. कोर्ट ने हिमाद्री राजे केस से जुड़े तीन याचिकाकर्ताओं को दो सप्ताह के भीतर नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं. यह निर्णय उन 45 परिवहन आरक्षकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, जो बीते कई वर्षों से अपने अधिकारों और न्याय की प्रतीक्षा कर रहे थे.

# जहरीला पदार्थ खाकर व्यक्ति ने दी जान

**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा ज़हर खाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है. फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है. मृतक की पहचान 47 वर्षीय मोतीलाल पिता जगन्नाथ निवासी न्यू गौरी नगर के रूप में हुई है. उसने बुधवार को अपने घर में ज़हरीला पदार्थ खा लिया था.

हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मौके की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. हीरानगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा का कहना है कि मोतीलाल के पारिवारिक, आर्थिक या मानसिक कारणों की पड़ताल की जा रही है.